भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1130**
उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

**हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों में रिक्त पद**

1130. श्री सुरेश कुमार कश्यपः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों में रिक्त पदों की संख्या कितनी है और इस संबंध में सरकार द्वारा जिला-वार क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केन्द्रों में कुल 20 पद रिक्त हैं। हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केन्द्रों में रिक्त पदों का जिलावार विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है। जबकि वर्तमान रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) में सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या पदोन्नति के कारण रिक्तियां उत्पन्न होती रहती हैं। रिक्तियों का होना और भरना एक सतत प्रक्रिया है।

*****

**<u>अनुबंध -1</u>**

**''हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों में रिक्त पद'' के संबंध में श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा दिनांक 02.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1130 के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**<u>हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों में रिक्त पदों का जिलावार विवरण निम्नानुसार हैं:-</u>**

| हिमाचल प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों में रिक्तियों का जिलेवार विवरण | | |
|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **हिमाचल प्रदेश में केंद्र/राज्य कार्यालय का नाम** | **रिक्त पदों की कुल संख्या** |
| 1. | एनवाईके बिलासपुर | 01 |
| 2. | एनवाईके चंबा | 01 |
| 3. | एनवाईके धर्मशाला ( कांगड़ा ) | 01 |
| 4. | एनवाईके हमीरपुर | 01 |
| 5. | एनवाईके केलोंग ( लाहौल स्पीति ) | 03 |
| 6. | एनवाईके किन्नौर | 02 |
| 7. | एनवाईके कुल्लू | 02 |
| 8. | एनवाईके मंडी | 01 |
| 9. | एनवाईके नाहन ( सिरमौर ) | 02 |
| 10. | एनवाईके शिमला | 02 |
| 11 | एनवाईके सोलन | 02 |
| 12. | एनवाईके ऊना | 00 |
| 13. | एनवाईकेएस, राज्य कार्यालय शिमला | 02 |
| | **कुल योग** | **20** |

*****